# पाठ ४ बहादुर बित्तो

## पाठ का सारांश

प्रस्तुत कहानी पंजाब की एक लोक कथा पर आधारित है। इस कहानी में एक किसान हैं और उसकी पत्नी का नाम बित्तो है। कहानी में बित्तो की बहादुरी के बारे में बताया गया है ।

एक दिन किसान ने अपनी पत्नी से कहा जब मैं खेती कर रहा था तो वहाँ एक शेर आया । शेर ने किसान से कहा कि वह उसे अपना बैल खाने को दे वरना वह किसान को ही खा जाएगा । यह बात सुनकर बित्तो ने अपनी बुद्धि लगाई और शेर से यह कहने को कहा कि उसके लिए एक ताजा मोटा घोड़ा लाया जाएगा । इसके बाद बित्तो ने अपने सिर पर कपड़ा बांधा और हाथ में दरांती लेकर घोड़े पर बैठ गई। इसके बाद वह खेत में पहुंची और किसान से कहा कि तुमने तो चार शेर फंसाए थे लेकिन यहाँ सिर्फ एक ही है । फिर बित्तो ने कहा कि इस एक शेर का ही नाश्ता कर लेते हैं। बित्तो की यह बात सुनकर शेर डर गया और वहाँ से भाग गया ।

यह सब लोमड़ी ने देखा और शेर से कहा कि वह राक्षसी नहीं है । इसके बाद शेर लोमड़ी की पूंछ के साथ अपनी पूंछ बांधकर वापस खेत गया । उन्हें आता देखकर बित्तो ने लोमड़ी से कहा कि तुमने तो चार शेर लाने का वादा किया था लेकिन यह तो एक ही है । यह बात सुनकर शेर बहुत ज्यादा डर गया और वहाँ से तुरंत भाग गया । इसके बाद वह वहाँ कभी नहीं लौटा । अब किसान और उसका परिवार बहुत खुशी से रहने लगा था ।

**शब्दार्थ**

**फटकार** - डाट

**तरकीब** - उपाय

**फोरन** - तुरंत

**मरियल** -कमज़ोर

**पग्गड़** - बड़ी सी पगड़ी

**दराँती** - घास काटने का औज़ार

**आँते छटपटाना** - बहुत भूख लगना

**महाराज** - राजा

**राक्षसी** - राक्षस की पत्नी

**कोशिश** - प्रयास

**होश हवास गुम होना** - घबरा जाना

**थर-थर काँपना** - भय से बहुत घबरा जाना

# <u>प्रश्न - अभ्यास</u>

## कहानी में ढूँढ़ो

**प्रश्न . १. शेर किसान से क्या लेने गया था?**

**उत्तर.** शेर किसान से उसका बैल लेने गया था।

**प्रश्न . २. शेर ने बित्तो को राक्षसी क्यों समझ लिया?**

**उत्तर.** बित्तो ने एक चाल चली उसने किसान से कहा कि तुमने तो चार शेर फाँस रखे थे, यहाँ तो एक ही है। चलो कोई बात नहीं एक ही शेर नाश्ते के लिए काफ़ी है। यह सुनकर शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया। बित्तो का पहनावा भी ऐसा था। उसने सिर पर पग्गड़ और हाथ में दराँती पकड़ रखी थी, जिसे देखकर शेर डर गया।

**प्रश्न. ३. बैल की जान कैसे बच गई?**

**उत्तर.** बैल की जान बित्तो की समझदारी और चतुराई से बच गई। उसने चार शेरों के नाश्ते की बात कही, तो शेर अपनी जान बचाकर भाग गया और बैल बच गया।

## तुम्हारी ज़बानी

**नीचे कुछ शब्दों के नीचे रेखा खिंची हुई है। उन्हें ध्यान में रखते हुए नीचे लिखे वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो।**

**प्रश्न. १. बित्तो घोड़े पर <u>सवार हो गई</u>।**

**उत्तर.** घोड़े पर बित्तो सवार हो गई।

**प्रश्न. २. तुम घर की गाय को शेर के <u>हवाले कर रहे थे</u>।**

**उत्तर.** घर की गाय को ही तुम शेर के हवाले कर रहे थे।

**प्रश्न. 3. आज एक राक्षसी से <u>पाला पड़ गया</u>।**

**उत्तर.** एक राक्षसी से आज पाला पड़ गया।

**प्रश्न. ४. अगर बैल आपके <u>हाथ न आए</u> तो मेरा नाम भेड़िया नहीं।**

**उत्तर.** आपके हाथ बैल न आए तो मेरा नाम भेड़िया नहीं।

**प्रश्न. ५. शेर को देखते ही किसान के <u>होश-हवास गुम हो गए</u>।**

**उत्तर.** जैसे ही किसान ने शेर को देखा उसके होश हवास गुम हो गए।

## बेचारा भेड़िया !

**प्रश्न. १. शेर तो डर कर भाग गया। सोचो तो भेड़िए का क्या हुआ होगा?**

**उत्तर.** शेर की पूँछ भेड़िए की पूँछ से बंधी थी। जब शेर डर कर भागा होगा, तो उसके साथ ही भेड़िया भी घसीटता गया होगा। इससे भेड़िया बहुत घायल हो गया होगा। उससे चोटें आई होगीं, उसकी कई हड्डियाँ टूट गई होगीं।

**प्रश्न. २. शेर किसान के पास कितनी बार गया था? कहानी देखे बिना बताओ।**

**उत्तर.** शेर किसान के पास दो बार गया था।

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com

## खाली जगह में क्या आएगा?

**प्रश्न. मेरी छत पर मोर आया।**

**उत्तर.** मेरी छत पर मोरनी आई।

**मोर-मोरनी की तरह नीचे लिखे शब्दों के भी रूप बदलो।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **औरत** | – | आदमी | **घोड़ा** | – | घोड़ी |
| **शेर** | – | शेरनी | **मछुआरा** | – | मछुआरन |
| **बच्चा** | – | बच्ची | **राजा** | – | रानी |

## मैं नहीं जाऊंगा!

**प्रश्न. शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया। वह खेत में नहीं जाना चाहता था पर भेड़िए के समझाने पर वह राज़ी हो गया। सोचो, शेर और भेड़िए के बीच क्या बातचीत हुई होगी?**

**शेर – भेड़िए, तुम क्यों हँस रहे हो?**

**भेड़िया – महाराज, वह तो** ____________________________________________

**शेर – नहीं नहीं। वह सचमुच राक्षसी थी।**

**भेड़िया – मैंने अपनी आँखों से देखा है महाराज। वह** ______________________________

____________________________________________________________

**शेर –** ________________________________________________________

**भेड़िया –** ______________________________________________________

**शेर – ठीक है**_____________________________________________________**।**

**उत्तर.**

शेर – भेड़िए, तुम क्यों हँस रहे हो?

भेड़िया – महाराज, वह तो एक औरत थी।

शेर – नहीं नहीं। वह सचमुच राक्षसी थी।

भेड़िया – मैंने अपनी आँखों से देखा है महाराज। वह तो बित्तो नामक एक औरत थी, जिसे आपने राक्षसी समझ लिया।

शेर – तुम सच कह रहे हो?

भेड़िया – हाँ, महाराज मैं ठीक कह रहा हूँ। आप मेरे साथ चलें।

शेर – ठीक है लेकिन तुम अपनी पूँछ मेरी पूँछ से बाँध लो।

## बोलो तुम क्या सोचती हो!

**प्रश्न. १. भेड़िए ने शेर को भोले महाराज क्यों कहा? क्या शेर सचमुच भोला था?**

**उत्तर.** शेर ने किसान की पत्नी को राक्षसी समझ लिया था इसलिए शेर भोला था। वह भूल गया कि एक मनुष्य की पत्नी राक्षसी नहीं हो सकती है। यदि वह राक्षसी होती, तो सबसे पहले पति व बैल को ही खा जाती।

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com

**प्रश्न. २. शेर ने भेड़िए की पूँछ के साथ अपनी पूँछ क्यों बाँध ली?**

**उत्तर.** शेर ने डर के कारण अपनी पूँछ भेड़िए की पूँछ से बाँध ली ताकि भेड़िया उसे छोड़कर भाग न जाए और राक्षसी उसे खा न जाए।

**प्रश्न. ३. क्या शेर फिर कभी बित्तो के खेत की तरफ़ गया होगा? हाँ, तो क्यों? नहीं, तो क्यों?**

**उत्तर.** शेर फिर कभी खेत की तरफ़ नही गया होगा क्योंकि वह बित्तो को सचमुच राक्षसी समझ रहा था।

**प्रश्न. ४. बित्तो की हिम्मत तुम्हें कैसी लगी? अगर तुम बित्तो की जगह होतीं तो शेर से कैसे निपटतीं?**

**उत्तर.** हमें बित्तो की हिम्मत से प्रेरणा मिलती है कि कठिन समय में भी समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर मैं बित्तो की जगह होती, तो शायद डर कर भागती और शोर मचाती। इस तरह लोग इकट्ठे हो जाते और शेर डर कर भाग जाता।

## राज का राज

**शेर जंगल पर राज करता था।**

**मेरा राज़ किसी से न कहना।**

**राज और राज़ को बोलकर देखो।**

**दोनों के बोलने में फ़र्क है न?**

**प्रश्न. १. कहानी में से ऐसे ही ज़ पर लगे नुक्ते वाले शब्द ढूँढ़ो।**

__________ __________ __________ __________ __________

**उत्तर.** सिर्फ़, ज़ोर, ताज़ा, तरफ़, काफ़ी, फ़ौरन।

**प्रश्न. २. अब अपने मन से सोचकर ज़ पर लगे नुक्ते वाले पाँच शब्द लिखो।**

__________ __________ __________ __________ __________

**उत्तर.** रफ़्तार, ज़्यादा, ख़ानदान, ज़रूरत, सफ़ेद।

## अगर ऐसा होता तो

**प्रश्न. १.अगर तुम शेर की जगह होतीं तो क्या करतीं?**

**उत्तर.** अगर मैं शेर की जगह होती तो शायद तुरन्त ही बैल पर छलांग लगा देती। किसान घर पहुँच ही नहीं पाता उससे पहले ही मैं बैल को ले आती।

**प्रश्न. २. अगर तुम बित्तो की जगह होतीं तो शेर से कैसे निपटतीं?**

**उत्तर.** अगर मैं बित्तो की जगह होती तो शोर मचा कर किसानों को इकट्ठा करके शेर को पकड़ने की कोशिश करती ताकि हमेशा के लिए शेर का डर समाप्त हो जाता।

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com

## पहचानो तो

**प्रश्न. कहानी में तुमने दराँती का चित्र देखा। नीचे ऐसे ही कुछ और औज़ारों के चित्र दिए गए हैं। उन्हें पहचानो और बॉक्स में दिए शब्दों में से सही शब्द ढूँढ़कर लिखो।**





____________________ ____________________





____________________ ____________________



____________________

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com

## वरना.....

**शेर ने किसान से कहा - अपना बैल मुझे दे दो वरना मैं तुझे खा जाऊँगा। वरना शब्द का इस्तेमाल करते हुए तुम भी तीन वाक्य बनाओ**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**उत्तर.** 1. चले जाओ वरना माँ को बता दूँगी।

2. मुझे भी खाने को दो वरना सब गिरा दूँगी।

3. जल्दी तैयार हो जाओ वरना देर हो जाएगी।

## हम किसी से कम नहीं

**प्रश्न- कई जगहों पर गाँवो में औरत खेतों में भी काम करती हैं| तुम्हारे आस-पास की औरतें और लडकियाँ क्या-क्या**

**काम करती है?**

**उत्तर-** हमारे आस-पास की औरतें और लडकियाँ भी गाय-भैंस का दूध निकालती हैं| उन्हें चारा डालती हैं| रोज घर की

साफ-सफाई करती हैं| खाना पकती हैं| बच्चों को पढ़ाती हैं व अन्य घर के कार्य करती हैं|

## शेर और घोड़ा

**प्रश्न- शेर और घोड़े में कई अंतर होते हैं|**

**ध्यान से सोचकर नीचे लिखो|**

| | **शेर** | **घोड़ा** |
|---|---|---|
| **खाना**<br>**घर**<br>**रंग**<br>**आदतें** | | |

उत्तर.

| | शेर | घोड़ा |
|---|---|---|
| खाना | मांस | घास |
| घर | जंगल की गुफा | अस्तबल |
| रंग | पीला, काली धारियों वाला | काला, सफ़ेद, चितकबरा |
| आदतें | जानवरों का शिकार करना दबे पाँव चलता है| | स्वामीभक्त, सरपट दौड़ता है| |

## कौन क्या है?

**प्रश्न- नीचे दिए गए शब्दों को सही तालिका में लिखो|**
**किसान, बोतल, लता, कक्कू, केला, कलम, राजू, रानू, चूहा, नीना, शेर, जूता, चारपाई, पगड़ी, खरगोश, करेला, छलनी, बित्तो, घोड़ा, गौरैया, बाल्टी, पीपल, कोयल, नीम, किताब, दराँती|**
**उत्तर-**

| जानवर | चीजें | नाम |
|---|---|---|
| चूहा<br>शेर<br>खरगोश<br>घोड़ा<br>गौरैया<br>कोयल | बोतल<br>केला<br>कलम<br>जूता<br>चारपाई<br>पगड़ी<br>करेला<br>छलनी<br>बाल्टी<br>किताब<br>दराँती | किसान<br>लता<br>कक्कू<br>राजू<br>रानू<br>नीना<br>बित्तो<br>पीपल<br>नीम |

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com